# भारत का वृद्ध कार्यबल

## प्रलिम्सि के लयि:

**भारत का वृद्ध कार्यबल, CMIE (सेंटर फॉर मॉनीटरगि इंडयिन इकॉनमी), स्थायी रोज़गार के अवसर, अनौपचारकि क्षेत्र**

## मेन्स के लयि:

भारत के वृद्ध कार्यबल को लेकर चिंता

स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

विश्व स्तर पर सबसे बड़ी युवा आबादी होने के बावजूद **CMIE (सेंटर फॉर मॉनीटरगि इंडयिन इकॉनमी) के आर्थकि आउटलुक डेटा के उपयोग से कार्यबल के वश्लिेषण** के अनुसार भारत के कार्यबल में ज़्यादा उम्र वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है, यह एक चिंताजनक रुझान है।

- **वृद्ध कार्यबल** का मूल रूप से मतलब यह है कि यदि भारत में सभी नियोजित लोगों को देखा जाए, **तो युवा लोगों की हिस्सेदारी में कमी** आई है, जबकि **60 वर्ष के करीब की उम्र वाले लोगों की हिस्सेदारी में वृद्धि देखी गई** है।

## वश्लिेषण के प्रमुख बिंदु:

- **आयु समूह और कार्यबल संरचना:**
    - वृद्ध कार्यबल की प्रवृत्ति को बेहतर ढंग से समझने के लिये **यह वश्लिेषण कार्यबल को तीन अलग-अलग आयु समूहों में वर्गीकृत** करता है:
        - **15-29 वर्ष की आयु:** कुल कार्यबल में इस आयु वर्ग की हिस्सेदारी **वर्ष 2016-17 के 25%** से घटकर **वित्तीय वर्ष 2022-23 में 17%** हो गई है।
        - **30-44 वर्ष की आयु:** इसी अवधि में इस आयु वर्ग के व्यक्तियों की हिस्सेदारी भी **38% से घटकर 33%** हो गई है।
        - **45 वर्ष और उससे अधिक आयु:** इस आयु वर्ग की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो **37% से बढ़कर 49%** हो गई है।

Table 1: Composition of the workforce by age group (%)

| Year | Share of >15 and <30 in workforce (in %) | Share of 30 to <45 in workforce (in %) | Share of 45 years and more in workforce (in %) |
|---|---|---|---|
| 2016-17 | 25 | 38 | 37 |
| 2017-18 | 23 | 38 | 39 |
| 2018-19 | 22 | 38 | 40 |
| 2019-20 | 21 | 37 | 42 |
| 2020-21 | 18 | 36 | 45 |
| 2021-22 | 18 | 35 | 47 |
| 2022-23 | 17 | 33 | 49 |
| Source: CMIE's Economic Outlook and Indian Express Research | | | |

//

- **युवाओं के बीच गिरती रोज़गार दर:**
  - जबकि युवा आबादी 2.64 करोड़ (वर्ष 2016-17 में 35.49 करोड़ से वर्ष 2022-23 में 38.13 करोड़) बढ़ी है,**इस समूह में नियोजित व्यक्तियों की संख्या में 3.24 करोड़ की भारी गिरावट आई है।**
  - परिणामस्वरुप इस आयु वर्ग के लिये रोज़गार दर सात वर्षों में 29% से गिरकर 19% हो गई है।

Table 2: Composition of the workforce by age group (absolute numbers)

| Year | Total Employed | Total employed between 15 and 30 | Total Employed between 30 and 45 | Total Employed 45 and above |
|---|---|---|---|---|
| 2016-17 | 41,27,19,418 | 10,34,17,128 | 15,69,29,377 | 15,23,72,914 |
| 2017-18 | 41,13,98,737 | 9,39,75,526 | 15,70,70,663 | 16,03,52,550 |
| 2018-19 | 40,61,06,308 | 8,77,18,559 | 15,58,01,007 | 16,25,86,742 |
| 2019-20 | 40,88,93,381 | 8,47,23,694 | 15,22,15,577 | 17,19,54,109 |
| 2020-21 | 38,72,14,189 | 7,12,90,790 | 14,08,07,839 | 17,51,15,563 |
| 2021-22 | 40,18,57,445 | 7,23,30,277 | 14,01,08,658 | 18,94,18,508 |
| 2022-23 | 40,58,36,970 | 7,10,03,678 | 13,52,38,752 | 19,95,94,541 |
| Source: CMIE's Economic Outlook, Indian Express Research | | | | |

- **विभिन्न आयु समूहों पर भिन्न प्रभाव:**
  - जबकि रोज़गार दर में गिरावट युवाओं के मामले में सबसे अधिक देखी गई है, यह प्रवृत्ति कुछ हद तक अन्य **आयु समूहों तक भी** विस्तृत है।
  - विशेष रूप से सबसे अधिक आयु वर्ग (45 वर्ष तथा उससे अधिक) में **रोज़गार दर में अपेक्षाकृत कम गिरावट** देखी गई है तथा वास्तव में नियोजित व्यक्तियों की पूर्ण संख्या में वृद्धि देखी गई है।

## कार्यबल की आयु बढ़ाने में योगदान देने वाले कारक:

- **पर्याप्त नौकरी के अवसरों का अभाव:**
  - युवाओं के रोज़गार में गिरावट का एक प्रमुख कारण पर्याप्त नौकरी के अवसरों की कमी है।
  - युवा आबादी की तीव्र वृद्धि **उपलब्ध नौकरियों में आनुपातिक वृद्धि के अनुरूप नहीं है,** जिससे सीमित पदों के लिये तीव्र प्रतिस्पर्द्धा देखी जा रही है।
- **अनुपयुक्त कौशल:**
  - युवाओं के पास मौजूद कौशल और **रोज़गार बाज़ार के लिये आवश्यक** कौशल के बीच अनुपयुक्तता के **परिणामस्वरूप** बेरोज़गारी की **उच्च दर हो सकती है।**
  - शिक्षा प्रणाली **युवा व्यक्तियों को उभरते रोज़गार परिदृश्य के लिये पर्याप्त रूप से तैयार नहीं कर पा रही है,** जिससे अल्परोज़गार या बेरोज़गारी की स्थिति उत्पन्न हो रही है।
- **अनौपचारिक क्षेत्र का प्रभुत्व:**
  - भारत के कार्यबल का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा **अनौपचारिक क्षेत्र** में लगा हुआ है, जिसमें **अक्सर स्थिर रोज़गार के अवसरों और सामाजिक सुरक्षा लाभों का अभाव** होता है।
  - नौकरी बाज़ार में प्रवेश करने वाले युवाओं को स्थिर और औपचारिक रोज़गार सुरक्षित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, जिससे अस्थिरता तथा कौशल का कम उपयोग हो सकता है।
- **शैक्षिक उपलब्धि और आकांक्षाएँ:**
  - जबकि युवाओं के बीच शैक्षिक उपलब्धि बढ़ रही है, शिक्षा के माध्यम से प्राप्त कौशल और नौकरी बाज़ार द्वारा मांगे जाने वाले **कौशल के बीच एक अंतर** हो सकता है।
  - उच्च-स्तरीय नौकरियों की आकांक्षा ऐसी स्थिति पैदा कर सकती है जहाँ युवा उपयुक्त पदों के लिये इंतज़ार करने को तैयार हैं, इससे युवाओं के रोज़गार में गिरावट आएगी।

## वृद्ध भारतीय कार्यबल की चिंताएँ और निहितार्थ:

- **उत्पादकता:**
  - स्वास्थ्य समस्याओं और घटती **शारीरिक क्षमताओं के कारण पुराने कर्मचारियों की उत्पादकता** में कमी का अनुभव हो सकता है। इसका असर समग्र आर्थिक उत्पादन पर पड़ सकता है।
  - स्वास्थ्य सेवाओं की मांग में वृद्धि हो सकती है, जो स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर दबाव डाल सकती है और **सार्वजनिक एवं निजी दोनों खर्चों को प्रभावित कर सकती** है।
- **नवाचार:**
  - युवा कर्मचारी अक्सर **नए दृष्टिकोण और तकनीकी समझ लेकर आते** हैं, जो उद्योगों में नवाचार को बढ़ावा दे सकता है।
    - वृद्ध कार्यबल में इस गतिशीलता का अभाव है।
- **आर्थिक विकास:**
  - घटता कार्यबल आर्थिक विकास क्षमता को प्रभावित कर सकता है, क्योंकि **छोटी कामकाज़ी उम्र की आबादी उत्पादन और खपत में कम योगदान** देती है।
  - जो **क्षेत्र** शारीरिक श्रम पर बहुत अधिक निर्भर हैं, **जैसे कि निर्माण और विनिर्माण,** यदि पुराने श्रमिकों के स्थान पर युवा श्रमिक उपलब्ध नहीं होंगे, तो उन्हें श्रमिकों की कमी का सामना करना पड़ सकता है।
- **कौशल की कमी:**
  - उम्रदराज़ कार्यबल कौशल की कमी पैदा कर सकता है, खासकर उन उद्योगों में जिनमें विशेष ज्ञान की आवश्यकता होती है।
  - इससे **तकनीकी प्रगति और नवप्रवर्तन** में बाधा आ सकती है।
- **उपभोग के तरीके:**
  - वृद्ध व्यक्तियों के उपभोग के तरीके अधिकतर अलग होते हैं, वे **बचत और आवश्यक वस्तुओं** पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं, जो **उपभोक्ता मांग** और **लक्ज़री वस्तुओं की ओर अग्रसर उद्योगों** को प्रभावित कर सकता है।

## आगे की राह

- ऐसी नीतियाँ जो जल्दी सेवानिवृत्ति को हतोत्साहित करती हैं और वृद्ध व्यक्तियों को कार्यबल में बने रहने के लिए प्रोत्साहित करती हैं, उनके **उत्पादक वर्षों को बढ़ाने में सहायता** कर सकती हैं।
- इसमें **लचीली सेवानिवृत्ति की आयु**, काम के कम घंटे और वित्तीय प्रोत्साहन शामिल हो सकते हैं।
- कंपनियाँ **आयु-समावेशी कार्यस्थल नीतियों** को अपना सकती हैं जो पुराने श्रमिकों की ज़रूरतों को पूरा करती हैं और **श्रम-दक्षता संबंधी सुविधाएँ, स्वास्थ्य सहायता** तथा **कौशल बढ़ाने** के अवसर प्रदान करती हैं।

### UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????:**

**प्रश्न. सुभेद्य वर्गों के लिये क्रियान्वित की जाने वाली कल्याण योजनाओं का निष्पादन उनके बारे में जागरूकता के न होने और नीति प्रक्रम की**

**सभी अवस्थाओं पर उनके सक्रिय तौर पर सम्मलिति न होने के कारण इतना प्रभावी नहीं होता है - चर्चा कीजिये। (2019)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-ageing-workforce